प्रथम चिंतन शिविर : वित्तीय प्रोत्साहन (एफ आई) के संबंध में फार्मा सेक्टर के साथ हितधारकों का विचार-विमर्श

संयुक्त सचिव, डीएसआईआर और वित्तीय प्रोत्साहन योजना के प्रमुख की अध्यक्षता में 3 मई, 2023 को सुबह 10:30 बजे डीएसआईआर में फार्मा सेक्टर के साथ वित्तीय प्रोत्साहन (एफआई) के संबंध में हितधारकों की एक ऑनलाइन विचार-विमर्श बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक को सीएसआईआर के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक, विशेषज्ञों, फार्मा विभाग के प्रतिनिधियों, उद्योग संघों - आईडीएमए, आईपीए और अन्य ने संबोधित किया। फार्मास्युटिकल उद्योगों के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन बैठक में भाग लिया। विशेष रूप से फार्मा क्षेत्र में उद्योग-केंद्रित प्रेरक उपायों/प्रोत्साहन के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी के लिए सक्षम तंत्र और तौर-तरीकों को विकसित करने के तरीकों को विचार–विमर्श में रेखांकित किया गया । प्रतिभागियों ने निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला है और इसे प्रोत्साहित करने हेतु नए तरीकों को विकसित करने पर विचार करने की आवश्यकता है ताकि यह वैज्ञानिक अनुसंधान में अधिक रुचि रखने वाले उद्योगों को आकर्षित कर सकता है।

xxxxx